रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन
पर्यावरण संरक्षण के लिए वेदों को विज्ञान से जोड़ना होगा–कुलपति प्रो. मिश्र

जबलपुर 06 जून। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बायो डिजाइन इनोवेशन सेंटर तथा इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा दिनांक 06.06.2022 को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र जी की अध्यक्षता, जीव विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह जी के मुख्य आतिथ्य, विभागाध्यक्ष जीव विज्ञान विभाग प्रो. एस.एन. बागची के संयोजकत्व एवं बायोडिजाइन इनोवेशन सेंटर के निदेशक प्रो. एस.एस. संधू जी की उपस्थिति में किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को जागरूक करना था।

सर्वप्रथम सम्माननीय अतिथियों द्वारा एकात्म भवन परिसर में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो. मिश्र जी ने प्राचीनकाल से पर्यावरण को कैसे संरक्षित करने की प्रथा है उसके बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही कुलपति जी ने कहा

कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वेदों को विज्ञान से जोड़ना होगा। प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह तथा प्रोफेसर एस.एन. बागची द्वारा प्रदूषण तथा उसके निवारण से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा प्रोफेसर एस एस संधू जी द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए सतत प्रबंधन एवं संरक्षण पर प्रकाश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिजीत गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में नितिन स्वामी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अतीत जावरे, सुजीत कुमार, मनोज कुमार मरावी, हेमंत कुमार चंद्रवंशी का योगदान रहा।